लग जाएगी लगन धीरे धीरे

लग जाएगी लगन धीरे धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे,

प्रेम दिखा तू मीरा के जैसा,
कर ले भरोसा कर्मा के जैसा,
जुड़ जायेगा ये मन धीरे धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे,

धना का बन के आया था हाली,
खेतो की इसने की थी रुखानी,
खिल जायेगा चमन धीरे धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे,

अर्जुन श्री का कर ले समपर्ण ,
चरणों में करदे खुद को तू अर्पण,
धड़क उठेगी अगन धीरे धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे,

दिल को लगा ले चरणों में प्यारे,
हर्ष रहे गा संग ये तुम्हारे,
महसूस छुवन धीरे धीरे,
सांवरे से होगा मिलन धीरे धीरे,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5168/title/lag-jayegi-lagan-dhere-dhere-sanware-hoga-milan-dheere-dheere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |